राजस्थान सरकार
नगरीय विकास विभाग,

क्रमांक प. 10(215)नविवि/3/2010 जयपुर दिनांकः 23.08.2010

अधिसूचना

राजस्थान नगर सुधार अधिनियम, 1959 (राजस्थान अधिनियम संख्या 35 सन् 1959) की धारा 3 की उपधारा (1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार एतद् द्वारा अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक, (पश्चिमी क्षेत्र) राजस्थान, जयपुर को राजगढ़ (जिला चूरू) के नगरीय क्षेत्र जिसमें निम्नलिखित राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं, का सिविक सर्वे करने एवं क्षितिज वर्ष 2031 तक के लिये मास्टर प्लान बनाने हेतु नियुक्त करती हैः–

क्र. सं.	ग्राम का नाम हिन्दी में	तहसील
1	कस्बा राजगढ़	राजगढ़
2	लुदी झाबर	राजगढ़
3	लम्बोर छिंपियान	राजगढ़
4	लम्बोर छोटी	राजगढ़
5	गगौर	राजगढ़
6	मांगला	राजगढ़

राज्यपाल के आदेश से

(पुरूषोत्तम बियाणी)
शासन उप सचिव

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. अधीक्षक, केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर को भेजकर लेख है कि अधिसूचना का प्रकाशन राजपत्र के असाधारण अंक मे करवाकर एक प्रति इस विभाग को भिजवाने का श्रम करे।
2. प्रमुख शासन सचिव, राजस्व विभाग, राजस्थान,जयपुर ।
3. मुख्य नगर नियोजक, राजस्थान, जयपुर।
4. अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक (पश्चिमी क्षेत्र) राजस्थान, जयपुर ।
5. वरिष्ठ नगर नियोजक, बीकानेर जोन, बीकानेर।
6. जिला कलेक्टर, चूरू।
7. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, राजगढ़।
8. रक्षित पत्रावली ।

(प्रदीप कपूर)
उप नगर नियोजक